## खास-खबरें

### पुलिस अधीक्षक मंदसौर अभिषेक आनंद पुरस्कृत



**मंदसौर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर लोकसभा निर्वाचन 2024 में पुलिस अधीक्षक श्योपुर रहते जिला श्योपुर में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं समग्र रूप से निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर वर्तमान पुलिस अधीक्षक मंदसौर श्री अभिषेक आनंद को माननीय राज्यपाल महोदय मध्य प्रदेश शासन श्री मंगूभाई पटेल जी द्वारा भोपाल में पुरस्कृत किया गया ।



**रायसेन। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक समुंदर सिंह सोसाइटी प्रबंधक दाहोद अब्दुल्लागंज गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुए माननीय मंत्री द्वारा स्वतंत्र प्रभार मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग द्वारा सम्मानित हुए ।**



**अरविंद अहिरवार बन परिक्षेत्र अधिकारी बेगमगंज उत्कृष्ट कार्यो में सम्मानित हुए गणतंत्रदिवस के शुभ अवसर पर माननीय मंत्री जी द्वारा नारायण सिंह पवार राज्य मंत्री मछुआ कल्याण मत्स्य विभाग द्वारा सम्मानित हुए।**

# कोर्ट के आदेश पर दोबारा हुए जनपद अध्यक्ष चुनाव में भाजपा की जीत

### कांग्रेस की ओर से नामांकन दाखिल नहीं होने पर भाजपा की भंवर बाई निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गई

**उज्जैन।** हाई कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को उज्जैन जनपद पंचायत अध्यक्ष के लिए चुनाव कराया गया। इसमें भाजपा की भंवरबाई निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गईं। इस दौरान 25 जनपद सदस्यों में से 21 उपस्थित रहे और 4 अनुपस्थित थे। कांग्रेस की ओर से कोई नामांकन दाखिल नहीं हुआ और तय समय के बाद भंवरबाई को अध्यक्ष निर्वाचित घोषित कर दिया गया।

निर्वाचन अधिकारी द्वारा यह घोषणा होते ही जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में मौजूदभाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। निर्वाचन की घोषणा के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए भंवरबाई ने कहा कि यह जीत भारतीय जनता पार्टी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की है। सब साथ में रहकर काम करेंगे और अच्छा काम करके बताएंगे। यहां यह उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट के फैसले के बाद जनपद अध्यक्ष के लिए दोबारा यह चुनाव कराया गया। बता दें कि उज्जैन जनपद पंचायत में कुल 25 वार्ड हैं। पिछले चुनाव के दौरान इनमें से 13 वार्ड में भाजपा समर्थित और 12 में कांग्रेस समर्थित सदस्य चुनाव जीते थे। जुलाई 2022 में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के चुनाव हुए थे तब ये चुनाव चर्चा में रहा था क्योंकि भंवरबाई को बहुमत के बाद भी हार का सामना करना पड़ा था। वहीं कांग्रेस समर्थित सदस्यों की संख्या कम होने के बावजूद पिपलोदा द्वारकाधीश की कांग्रेस की उम्मीदवार विंध्यासिंह पंवार अध्यक्ष और दताना के नासिर पटेल उपाध्यक्ष चुने गए थे। तब कहा गया था कि प्रॉक्सी वोटर को लेकर हुए हंगामे के कारण अधिकांश भाजपाई वोटिंग नहीं कर सके थे।



समयावधि बीतने के बाद कांग्रेस के उम्मीदवार को विजयी घोषित किया था जिसके बाद तत्कालीन उच्च शिक्षा मंत्री एवं वर्तमान में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए थे। उक्त चुनाव प्रक्रिया व नतीजों को लेकर भंवरबाई की ओर से एडवोकेट अनंत यादव ने कलेक्टर को आवेदन देकर चुनाव निरस्त करने की मांग की थी। यहां से स्टे मिला था। इसके बाद इंदौर हाईकोर्ट की डबल बेंच में अपील की गई। यहां से हाईकोर्ट ने फ्रेश चुनाव करवाने का फैसला सुनाया। इसी आदेश के पालन में मंगलवार को चुनाव हुए।

### 3501 रुपए प्रति क्विंटल बिकी उपज, पूजा-अर्चना के बाद हुई खरीदी



सीहोर। रबी सीजन की प्रमुख फसल गेहूं की मंडी में आवक शुरू हो गई है। मंगलवार को मंडी में पहली नीलामी में ग्राम खेड़ली के किसान नारायण सिंह का गेहूं 3501 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर बिका। नीलामी से पहले परंपरागत रूप से गेहूं की पूजा-अर्चना की गई। कृषि उपज मंडी समिति सीहोर के सचिव नरेंद्र कुमार माहेश्वरी के अनुसार, इस वर्ष मानसून के समय पर आने से जिन किसानों ने जल्दी बोवनी की थी, उनकी फसल पककर तैयार हो गई है। अब नए गेहूं की कटाई का कार्य शुरू हो गया है और मंडी में आवक का दौर भी प्रारंभ हो चुका है।माहेश्वरी ने बताया कि आने वाले दिनों में मंडी में गेहूं की आवक बढ़ने की संभावना है। रबी सीजन में गेहूं के साथ-साथ चने की कटाई का कार्य भी आरंभिक स्तर पर शुरू हो गया है। पहली नीलामी का अच्छा भाव मिलने से किसानों में उत्साह का माहौल है।

# कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण, मरीजों के बेहतर इलाज के दिए निर्देश

**सीहोर।** नवागत कलेक्टर बालागुरु के. द्वारा मंगलवार को सीहोर कलेक्ट्रेट कार्यालय में पदभार ग्रहण किया गया। कलेक्टर बालागुरु के 2015 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। बालागुरु के. सीहोर कलेक्टर पदस्थापना के पहले जल निगम में महाप्रबंधक थे। उन्होंने कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला पंचायत सीईओ नितिन टाले, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की विभिन्न प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी ली।

नवागत कलेक्टर ने किया कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण

नवागत कलेक्टर बालागुरू के. ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्टर कार्यालय की सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के कार्यों का अवलोकन किया और अधिकारियों से विभागीय गतिविधियों के बारे विस्तार से जानकारी ली।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कर्मचारियों को समयबद्धता और पारदर्शिता के पूरी गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के. ने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए स्वच्छता बनाए रखने और कार्यालय के रिकॉर्ड का बेहतर ढंग से संधारण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने एडीएम कोर्ट, एनआईसी कक्ष, स्थापना शाखा, कोषालय, निर्वाचन शाखा, नजूल शाखा, आर्थिक सांख्यिकीय शाखा, खाद्य शाखा, रोजगार कार्यालय, महिला बाल विकास कार्यालय सहित पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित होने वाली शाखाओं का निरीक्षण किया।

### जिला पंचायत ने सर्वे कराकर किया चिन्हित- आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिया जाएगा प्रशिक्षण

**उज्जैन।** शहर और जिले में घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं का जिला पंचायत द्वारा जन कल्याण अभियान के तहत सर्वे कराया गया। इसमें इस तरह की हिंसा से पीड़ित महिलाओं की संख्या 100 से अधिक सामने आई है। विभाग अब इन चिन्हित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न व्यवसायों का प्रशिक्षण देगा। जिला पंचायत सीईओ जयति सिंह ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत विभाग की और से पूरे जिले में घरेलू हिंसा की शिकार महिला का विभिन्न ग्राम पंचायतों में सर्वे कराया गया। इसमें 300 से अधिक इस तरह के मामले सामने आए हैं। परंतु इसमें से100 के लगभग महिलाएं आगे आई है और उन्होंने पंचायतों के माध्यम से खुद को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आरंभ होने जा रहे प्रशिक्षण में शामिल होने स्वीकार किया है। श्रीमती सिंह ने बताया कि जल्द ही पूरे जिले की पंचायतों में ऐसी 100 से अधिक घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर देने वाले उनकी रूचि के अनुरूप प्रशिक्षण दिए जाएंगे। ताकि वे आत्मनिर्भर बन सके और इस तरह की हिंसा से बच सकें। पिछले दिनों जिला पंचायत ने उनके लिए एक परिचय कार्यक्रम भी रखा गया था।

### कलेक्टर से साइकिल से देशव्यापी प्रेरक यात्रा कर रहीं सुश्री आशा ने की सौजन्य भेंट




**विदिशा ( निप्र )।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह से आज उनके चेंबर में साइकिलिस्ट सुश्री आशा मालवीय ने साइकिल से 17030 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर सौजन्य भेंट की। सुश्री आशा मालवीय ने उनके द्वारा पूरे भारत में सायकिल यात्रा के माध्यम से दिए जा रहे संदेशों व कार्यों की जानकारी दी। कलेक्टर श्री सिंह ने साइकिल से यात्रा करने वाली सुश्री आशा मालवीय के कार्यों को प्रेरणादायक और सराहनीय बताया। स्मरणीय है कि सुश्री आशा मालवीय ने कन्याकुमारी से यात्रा प्रारंभ की। इसके बाद उन्होंने सियाचिन सहित देश के अलग-अलग राज्यों व जिलों में भ्रमण करते हुए, स्कूल-स्कूल पहुंचकर विद्यार्थियों को ओजस्वी मार्गदर्शन दिया। विदिशा आगमन पर आशा मालवीय ने विदिशा के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए, बताया कि किस प्रकार उन्होंने अपना संघर्षमय जीवनयापन कर स्वयं के साथ अपने परिवार को भी सहयोग किया।

उनकी मां मजदूरी करती थी, इसके बावजूद भी उन्होंने अपना लक्ष्य निश्चित रखा और लक्ष्य निश्चित रखने के साथ ही लक्ष्य की दिशा में सदैव प्रयास करती रहीं इसलिए आज उन्हें सफलता मिली।

# मातृ शिशु चरक अस्पताल में सक्रिय प्रायवेट अस्पतालों के दलाल

**उज्जैन।** शासकीय चरक अस्पताल परिसर में निजी अस्पतालों के एजेंट सक्रिय हैं। एम्बुलेंस चालक, ऑटो चालक के साथ-साथ अस्पताल कर्मचारी भी कमीशन के इस खेल में शामिल है जो बेहतर इलाज का हवाला देकर मरीज को निजी अस्पतालों में शिफ्ट करवा रहे हैं। इसके एवज में एजेंट को निजी अस्पतालों से कमीशन की मोटी रकम मिल रही हैं। उल्लेखनीय है कि उज्जैन जिले के हजारों मरीजों के निःशुल्क उपचार की व्यवस्था संभालने वाले चरक अस्पताल में इन दिनों निजी अस्पतालों के एजेंटों की सक्रियता बनी हुई है। ये एजेंट चरक अस्पताल परिसर से लेकर इमरजेंसी वार्ड तक, ओपीडी से लेकर मरीजों के भर्ती वार्ड तक पहुँच रहे हैं। इनकी नजर ऐसे आयुष्मान कार्ड धारी मरीजों पर रहती है जो चरक अस्पताल में आने के बाद या तो यहीं उपचार करवा रहे होते हैं या फिर इंदौर के लिए रैफर किए जाते हैं या फिर जो स्वेच्छा से निजी अस्पताल जाने की तैयारी कर रहे होते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि इस काम में अस्पताल के कर्मचारी ही मरीज के स्वजनों से बातचीत कर उनको भरोसे



में लेकर निजी अस्पताल के एजेंट से मुलाकात करवाते हैं। मरीज के निजी अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में एजेंट द्वारा इनको कमीशन दिया जाता है। ऐसा नहीं है कि निजी अस्पतालों के ये एजेंट जिला अस्पताल प्रबंधन की नजरों से बचे हुए हैं, इनको कई बार पकड़ा भी गया है लेकिन प्रबंधन उन पर बड़ी कार्रवाई करने की बजाए दोबारा ऐसा नहीं करने की चेतावनी देकर छोड़ रहा हैं। नतीजतन, ये एजेंट फिर से चरक अस्पताल में सक्रिय हो जाते हैं।

### 25 से ज्यादा मरीज रोज आ रहे हैं आयुष्मान कार्ड लेकर

चरक अस्पताल में रोजाना औसतन 125 मरीज ओपीडी में आते हैं। इसके अलावा गंभीर बीमारी, सड़क के हादसे, हृदयाघात, जहरीला पदार्थ खाने, करंट लगने आदि के मामले में इमरजेंसी में आते हैं। इनमें से कई को प्राथमिक उपचार करने के बाद तुरंत रैफर करना पड़ता है। स्वजन कुछ मरीजों को इंदौर ले जाते हैं तो कुछ को उज्जैन में ही अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती करवाते हैं।

वहीं रोजाना करीब 20 से अधिक मरीज आयुष्मान कार्ड धारी या फिर इसकी पात्रता रखने वाले आते हैं। यहीं से एजेंट की सक्रियता बढ़ जाती हैं और चरक अस्पताल की तुलना में बेहतर इलाज का प्रलोभन देकर वे मरीजों को निजी अस्पताल में शिफ्ट करवा रहे हैं।

# सेंट जोसफ विद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया पारितोषिक वितरण भी हुआ

**गंजबासौदा।** नगर के बरेठ रोड स्थित प्रतिष्ठित इंग्लिश मीडियम सेंट जोसेफविद्यालय मे76वां गणतंत्र दिवस और वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बहुत धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीआरसी बृजेंद्र रघुवंशी और बीएससी अभिषेक माथुर उपस्थित रहे

कार्यक्रम का शुभारंभध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ हुआ।मुख्य अतिथि द्वारादीप प्रज्वलन कर भारत माता एवं डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया विद्यार्थियों द्वाराअतिथियों के स्वागत में स्वागत गान प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत की गई जिसमें देशभक्ति गीतों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए गएऔर शहीद भगत सिंह के जीवन पर आधारित एक नाटिका भी प्रस्तुत की गई जिसमें लगभग70 बच्चों ने भाग लिया इस अवसर पर

वर्ष में सम्पन्न हुई गतिविधियों में क्रम वद्ध स्थान प्राप्त किया उन्हेंमुख्य अतिथि तथा प्राचार्य के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया ।मुख्य अतिथि बृजेंद्र रघुवंश ने अपने संबोधन में बच्चों को देश के प्रति उनके दायित्वों को पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी से निभाने के लिए प्रेरित किया तथा गणतंत्र दिवस की बधाई दी । प्राचार्य ब्रदर एंटनी ने पुरस्कृत बच्चों को बधाई दी तथा बच्चों को अच्छे से पढ़ लिखकर सफल एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी।



कार्यक्रम के अंत में कक्षा एक के विद्यार्थी अर्थम कुशवाहा ने वंदे मातरम् गीत गाकर तथा कक्षा 2 की छात्रा शौर्या श्रीवास्तव ने हारमोनियम पर इस गीत को प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।कार्यक्रम को मूर्त रूप देने विद्यालय परिवार विगत दिनों से गतिशील था आयोजन की सफलता के लिए प्राचार्य ने शिक्षकों की टीम की सराहना की ।

# नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विवि में मनाया गणतंत्र दिवस

**जबलपुर।** 26 जनवरी 2025 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर एवं पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर में माननीय कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा, ना.दे.प.चि.वि.वि, जबलपुर के मुख्य आतिथ्य में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

राष्ट्रीय पर्व 76 वाँ गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर कुलगुरू द्वारा नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात अपने उद्बोधन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीदों के बलिदानों को स्मरण करते हुए, भावमीनी श्रद्धांजलि दी एवं भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडर जी को याद को करते हुये भारतीय लोकतंत्र की खूबियां गिनाई।

कुलगुरू द्वारा भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के जीवन परिचय देते हुये बताया कि नानाजी देशमुख ने अपने जीवन में ग्रामीण विकास के अंतर्गत कृषक एवं पशुपालकों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान कार्यों के निर्वाहन में जो उत्कृष्ट भूमिका रही है। वि.वि. एवं पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ उत्कृष्ट कार्य एवं पशु प्रदर्शनी, पशु उपचार शिविर तथा कृषकों के सेमिनार, कार्यशाला, एवं विभिन्न प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये ।




### खंड-I ई-निविदा आमंत्रण सूचना
### मध्यप्रदेश शासन
### कार्यालय-पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल मध्य प्रदेश
### ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 18/ई-टेंडरिंग/2024-25 दिनांक 24/01/2025

1. वनमंडलाधिकारी, पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022 ) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | सामग्री का नाम/स्पेसीफिकेशन | सामग्री का अनुमानित मूल्य | सत्यकार की निधि (रू. में) | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पुताई सामग्री | पुताई सामग्री (Asian Paints, Dulux Paints, Berger Paints, Nerolac Paints. Indigo Paints, British Paints & Other Reputed Brand) (पुताई सामग्री की सबआईटम वार सूची अनुलग्न- 8 संलग्न है। प्रत्येक आईटम बार दर ऑफलाईन मोड में प्रस्तुत करना होगा।) ऑन लाईन दर में समस्त आईटमों कुल मूल्य दिया दर्शाया जावेगा। | 400000 | 12000 | 1000/- |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर (दिनांक 27/01/2025 बजे 4:30 PM से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है। 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी। 4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं। 5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://www.mptenders.gov.in/

जी-22293/24

**वनमंडलाधिकारी पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल**



### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गजेन्द्र (GAJENDRA) पिता श्री वीरिनद्रावन (VIRINDRAVAN) आयु-28 वर्ष, निवासी- वार्ड क्रमांक 09 जवाहर लाल नेहरू, न्यू बरौंधा (त्यौहारी) शहडोल म.प्र. सूचित करता हूँ कि मेरे आधार कार्ड नंबर 845527674364 मेरा नाम त्रुटिवश गजेन्द्र सिंह पिता श्री वृंदावन अंकित हो गया है जबकि अंक सूची एवं समस्त दस्तावेजों में मेरा वास्तविक नाम गजेन्द्र (GAJENDRA) पिता श्री वीरिनद्रावन (VIRINDRAVAN) है जो कि आज से मुझे गजेन्द्र (GAJENDRA) पिता श्री वीरिनद्रावन (VIRINDRAVAN) के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**पुराना नाम**- गजेन्द्र सिंह पिता श्री वृंदावन
**नया नाम**- गजेन्द्र (GAJENDRA) पिता श्री वीरिनद्रावन (VIRINDRAVAN)

3372



### जाहिर सूचना

**प्लॉट नंबर 58, कुल क्षेत्रफल 1150 वर्गफिट स्थित भूमि खसरा नंबर 148, 149, 150, 326/149 के अंश भाग पर, अहिंसा विहार कॉलोनी, ग्राम नरेला शंकरी, उद्योग गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, भोपाल, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र.**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री उदित सांगवाल आत्मज स्व. श्री ब्रजपाल सांगवान के स्वत्व, स्वामित्व का एक प्लॉट नंबर 58, कुल क्षेत्रफल 1150 वर्गफिट स्थित भूमि खसरा नंबर 148, 149, 150, 326/149 के अंश भाग पर, अहिंसा विहार कॉलोनी, ग्राम नरेला शंकरी, उद्योग गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, भोपाल, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है, जिसकी चतुर्थ सीमाऐं पूर्व में-प्लॉट नंबर 59, पश्चिम में-रोड, उत्तर में-प्लॉट नंबर 57, दक्षिण में- नाला स्थित है। यह कि उक्त संपत्ति की पूर्व की मूल विक्रय पत्र जो उप पंजीयक कार्यालय भोपाल में पुस्तक क्रमांक अ-1, ग्रंथ नंबर 7641, दस्तावेज नंबर 3784 दिनांक 06.09.1991 में पंजीबद्ध है वह कहीं गुम हो गई है तथा काफी खोजबीन करने पर भी नहीं मिली है, जिसकी लिखित सूचना पुलिस थाना अयोध्या नगर में दिनांक 28.01.2025 को दी जा चुकी है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति को श्री उदित सांगवाल द्वारा मुत्थुट फिनकॉर्प लिमिटेड में बंधक रखकर ऋण लिया जा रहा है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय, अशासकीय विभाग को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह आगामी 07 दिवस में मेरे कार्यालय में आकर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा इसके बाद कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा संपत्ति पर प्रथम भार मुत्थुट फिनकॉर्प लिमिटेड का ही होगा।

**अभिलाश शशि, अधिवक्ता**
Office- 82, Rachna Nagar, Bhopal M. P. 462023
Mobile No. 8982981822

3370



### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री अवधनारायण पाटीदार आत्मज श्री रघुनाथ पाटीदार निवासी 199 वार्ड क्रमांक 53 होशंगावाद रोड मिसरोद भोपाल तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी ग्राम इमालियागोंडी पटवारी हल्का नं. 06/15 राजस्व निरीक्षक मण्डल एवं विकास खण्ड औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. में स्थित है। उक्त भूमि विक्रेता के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि है जिसका खसरा नं. 244/2, 247/2/1, 247/2/2, 247/3, 247/4, 248/1, 248/2, 249/1, 249/2, 258/1/1, 258/1/2, 258/1/3 कुल 12 किता रकबा 0.809, 0.041, 0.056, 0.825, 1.173, 0. 162, 0.324, 0.146, 0.405, 0.255, 0.620, 1.253, कुल रकबा 6.069 हेक्टयर अर्थात 14.99 भूमि जिसको क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने तय कर लिया है एवं बयाना राशि का भुगतान कर दिया गया है उक्त वर्णित भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, सोसायटी, बैंक, सरकारी व गैर-सरकारी कार्यालय न्यायालय को कोई आपत्ति ऋणभार हक व अन्य कोई हित हो या उक्त भूमि कहीं दान बंधक, गिरवी, हस्तांतरण, विक्रय, विक्रय अनुबधं आदि हो तो, वह व्यक्ति, फर्म, बैंक अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस तक मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर लिखित मे मय दस्तावेज प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जायेगा, ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी।

**नीतेश नागर अधिवक्ता**
**स्वास्तिक लॉ चेम्बर औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र.**
**मो. 9691819010**

3371